## Northlands Primary School

## Hindi – Grade 3 ( Miss Pooja )

## Theory Work - 14

## Date : Monday 17  May 2021



# पाठ ६ - सड़क पर

## Lesson 6 - On the road

### 1st Part - Pg 33 - 34



प्रदीप जी बच्चों के साथ सड़क किनारे हैं। वे सभी सड़क पार करेंगे। वे एक मोड़ पर खड़े हैं।

पिताजी - बच्चो, जहाँ सड़क सीधी होती है वहीं पर रास्ता पार करो। मोड़ पर कभी सड़क पार नहीं करनी चाहिए।

आशना - ऐसा क्यों पिताजी ?

पिताजी - क्योंकि मोड़ पर एक ही तरफ़ दिखाई देता है। जहाँ सड़क सीधी होती वहाँ दोनों ओर दिखाई देता है।

वसिष्ठ - पिताजी सड़क पार करने से पहले क्या करना चाहिए ?

पिताजी - पहले दाईं ओर देखो, फिर बाईं ओर देखो। उसके बाद फिर से दाईं ओर देखना चाहिए।

## Practical Work – 14

# शब्दभंडार - Vocabulary

| | शब्द (Word) | अंग्रेज़ी शब्द (English Word) | पर्यायवाची (Synonym) | विलोम (opposite) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सड़क | Road | रास्ता | - |
| 2. | किनारे | Roadside | - | बीच |
| 3. | मोड़ | Turn | फेर | - |
| 4. | सीधी | Straighten | - | टेढ़ी |
| 5. | तरफ़ | Direction / towards | ओर | - |
| 6. | पहला | First | प्रथम | पिछला |
| 7. | दाईं | Right | - | बाईं |

## Pg 34 ex 1(a) number 1 and 3

१.(अ) प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखो :-

1. (a) Choose and write the correct answers to the following questions: -

१. प्रदीपजी और बच्चे कहाँ खड़े हैं ?

(क) मोड़ पर

(ख) पारपथ पर

(ग) सड़क पर

३. मोड़ पर सड़क क्यों पार नहीं करनी चाहिए ?

(क) क्योंकि मोड़ पर दोनों तरफ़ दिखाई देता है।

(ख) क्योंकि मोड़ पर एक ही तरफ़ दिखाई देता है।

(ग) क्योंकि मोड़ पर दोनों तरफ़ दिखाई नहीं देता है।

## Pg 35 ex 1(b) number 1

१.(आ) प्रश्नों के उत्तर खाली जगहों में लिखिए :-

1.(b) Write down the answers to the following questions in the blank space :-

१. प्रदीपजी के कितने बच्चे हैं ?

प्रदीपजी के ________ बच्चे हैं।

## Theory Work - 15

## Date : Tuesday 18 May 2021

### पाठ ६ - सड़क पर

### Lesson 6 - On the road

### 2nd Part - Pg 34


© PAHA_L
ESY-032940926 - easyfotostock

आशना - पिताजी अगर कोई सवारी आए..... तो ?

पिताजी - तो सड़क कभी पार न करो ! पहले सवारी को जाने दो। फिर तुम दोनों ओर ठीक से देखकर सड़क पार करो। पिताजी बच्चों के साथ एक पारपथ के पास आते हैं।

पिताजी - बच्चो, जहाँ पारपथ हो वहीं से सड़क पार करनी चाहिए।

आशना - ऐसा क्यों पिताजी ?

पिताजी - क्योंकि वहाँ बहुत गाड़ियाँ आती-जाती हैं। दुर्घटना से बचने के लिए ही पारपथ बने हैं। हम पारपथ से सड़क पार करते हैं।

## Practical Work – 15

# शब्दभंडार - Vocabulary

| | शब्द (Word) | अंग्रेज़ी शब्द (English Word) | पर्यायवाची (Synonym) | विलोम (opposite) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सवारी | Transport | वाहन | - |
| 2. | के पास | Near | समीप / निकट | दूर |
| 3. | बहुत | Many | ज़्यादा / अनेक | कम |
| 4. | दुर्घटना | Incident | हादसा | - |

**Pg 34 ex 1(a) number 2 and Pg 35 ex 1(b) number 3**

१.(अ) प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखो :-

1. (a) Choose and write the correct answers to the following questions: -

२. सड़क पार करने से पहले सवारी आए तो.......।

(क) रास्ता पार करना चाहिए।

(ख) सवारी को रोकना चाहिए।

(ग) सवारी को जाने देना चाहिए।

१.(आ) प्रश्नों के उत्तर खाली जगहों में लिखिए :-

1.(b) Write down the answers to the following questions in the blank space :-

२. किससे बचने के लिए पारपथ बने हैं ?

__________ से बचने के लिए पारपथ बने हैं।

## Theory Work - 16

## Date : Wednesday 19 May 2021

### पाठ ६ - सड़क पर

### Lesson 6 - On the road

### Last Part - Pg 34



वसिष्ठ - पिताजी, हम पारपथ पर ही रास्ता क्यों पार करें ?

पिताजी - क्योंकि गाड़ियाँ पारपथ के सामने रुकती हैं। जब हम रास्ता पार कर लेते हैं तब वे आगे बढ़ती हैं।

बच्चे - पिताजी, कहीं से भी सवारी नहीं आ रही है। अब सड़क एकदम साफ़ है।

पिताजी - बहुत अच्छा, अब सड़क पार करो।

## Practical Work – 16

# शब्दभंडार - Vocabulary

| | शब्द (Word) | अंग्रेज़ी शब्द (English Word) | पर्यायवाची (Synonym) | विलोम (opposite) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आगे | Infront | सामने | पीछे |
| 2. | साफ़ | Clean | स्वच्छ | मैला |
| 3. | गाड़ियाँ | Vehicles | कारें | - |
| 4. | अच्छा | Good | ठीक | बुरा |

**Pg 35 ex 1(b) number 3**

१.(आ) प्रश्नों के उत्तर खाली जगहों में लिखिए :-

1.(b) Write down the answers to the following questions in the blank space :-

३. गाड़ियाँ किसके सामने रुकती है ?

गाड़ियाँ ___________ के सामने रुकती है।

## Theory and Practical Work - 17

## Date : Thursday 20 May 2021

### Pg 37 ex 7(a) and 7(b) - [Synonym and Antonym]

Note : Pupils are asked to use the vocabulary table worked on 17.05.21, 18.05.21 and 19.05.21 to complete the following task given below.

७.(अ) समानार्थक शब्द चुनकर लिखिए :-

7.(a) Choose and write the correct synonym :-

क. सड़क (Road) -

ख. तरफ़ (Direction) -

ग. सवारी (Transport) -

घ. आगे (infront) -

ङ. अनेक (many) -

| |
|---|
| ओर |
| रास्ता |
| बहुत |
| वाहन |
| सामने |

७.(आ) विलोमार्थक शब्द चुनकर लिखिए :-

7.(b) Choose and write the correct antonym :-

क. किनारे (Roadside) -

ख. सीधी (Straighten) -

ग. पहला (First) -

घ. दाईं (Right) -

ङ. पास (Near) -

| |
|---|
| टेढ़ी |
| बीच |
| बाईं |
| दूर |
| पिछला |

## Theory Work - 18

## Date : Friday 21 May 2021

## क्रिया-विशेषण - Adverb

- वह शब्द जो हमें क्रियाओं की विशेषता का बोध कराते हैं, वे शब्द क्रिया-विशेषण कहलाते हैं।
- Words that make us understand the characteristics of verbs are called adverbs.

### स्थानवाचक क्रिया-विशेषण - Locative Adverb

स्थानवाचक क्रिया-विशेषण - जिन अविकारी शब्दों से क्रिया के व्यापार के स्थान का पता चले उसे स्थानवाचक क्रिया-विशेषण कहते हैं।

दूसरे शब्दों में - वे शब्द जो क्रिया के घटित होने के स्थान का बोध कराते हैं, उन्हें स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं।

जैसे - यहाँ, वहाँ, कहाँ, जहाँ, सामने, नीचे, ऊपर, आगे, भीतर, बाहर, दूर, पास, अंदर, किधर, इस ओर, उस ओर, इधर, उधर, जिधर, दाएँ, बाएँ, दाहिने आदि।

Interstitial verb-adjective - The inflexible words from which the location of the verb's trade is known is called the locative adverb.

In other words - words which indicate the place of occurrence of the verb are called interpositional adverbs.

Like - here, there, where, where, front, bottom, up, forward, within, outside, far, near, inside, whither, this side, that side, here, there, whither, right, left, right etc.

## Practical Work – 18

### Pg 35 ex 2

२. उदाहरण के अनुसार पूरा करो :

2. Complete as in the given example :

उदहारण : *जहाँ* सड़क सीधी है *वहाँ* दोनों ओर दिखाई देता है।

जहाँ (Where) वहाँ (There)

(क)______पेड़ होता है______ छाया होती है।

(ख)______बाग होता है______ फूल चुनते हैं।

(ग)______दुर्घटना होती है______लोग जमा होते हैं।

(घ)______बिल्ली होती है______ चूहा नहीं आता है।

### Rules and Regulations for Hindi Zoom Class

- **Pupils are requested to attend the class in time.**
- **Pupils should have their material like : book, copybook, pencil, eraser and ruler with them.**
- **Pupils should be dressed decently.**
- **Pupils should not eat in class.**
- **Pupils should not disturb the class.**
- **Parents are requested not to walk around during the class.**

**Thank You**